Sl.No. :

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

Tear Here

No. of Questions – 20

No. of Printed Pages – 11

## SS–84–Agriculture

# उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2024

## SENIOR SECONDARY EXAMINATION, 2024

## कृषि विज्ञान

## AGRICULTURE

समय : 3 घण्टे 15 मिनिट

पूर्णांक : 56

प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें
TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

***GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :***

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।
Candidate must write first his / her Roll No. on the question paper compulsorily.

2) **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं।
**All** the questions are compulsory.

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें।
Write the answer to each question in the given answer-book only.

4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।
For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

5) प्रश्न पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपान्तर में किसी प्रकार की त्रुटि /अन्तर/ विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही मानें।
If there is any error / difference / contradiction in Hindi & English version of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.

6) प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
Write down the serial number of the question before attempting it.

यहाँ से काटिए

## खण्ड – 'अ'

## SECTION - 'A'

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न :**

Mutiple Choice Questions :

**1)** **नीचे दिए गए बहुचयनात्मक प्रश्नों के सही उत्तर उत्तर–पुस्तिका में लिखिए –**

Write the correct answer to the given multiple choice questions in the answer book.

i) **प्रजनक बीज पर रंग का टेग लगा रहता है –** [½]

(अ) नीला (ब) भूरा

(स) सफेद (द) सुनहरा पीला

Breeder seed has a colour tag attached -

(A) Blue (B) Brown

(C) White (D) Golden Yellow

ii) **हरी खाद हेतु उपयुक्त फसल है –** [½]

(अ) सनई (ब) ढेंचा

(स) ग्वार (द) उपर्युक्त सभी

The suitable crop for green manure is -

(A) Sunnhemp (B) Dhaincha

(C) Cluster bean (D) All of the above

iii) **फॉस्फोरस विलेय जैव उर्वरक है –** [½]

(अ) पी.एस.बी. (ब) राइजोबियम

(स) एजोटोबेक्टर (द) एजोस्पाइरिलम

Phosphorus soluble Bio fertilizer is -

(A) P.S.B. (B) Rhizobium

(C) Azotobacter (D) Azospirilium

iv) **गेहूँ की फसल में सिंचाई की द्वितीय क्रान्तिक अवस्था है –** [½]

(अ) बालियां निर्माण अवस्था (ब) गांठ अवस्था

(स) शीर्ष जड़ निकलना अवस्था (द) कल्ले फूटान अवस्था

Second critical stage for irrigation in wheat crop is -

(A) Ear emergence stage (B) Late jointing stage

(C) Crown root initiation stage (D) Tillering stage

v) राजस्थान के कृषि जलवायु खण्ड IA शुष्क पश्चिमी मैदानी क्षेत्र में वार्षिक वर्षा की मात्रा होती है – [½]

(अ) 300 - 500 मिमी (ब) 100 - 300 मिमी

(स) 500 - 600 मिमी (द) 600 - 750 मिमी

Annual rainfall in dry western plains region in Agroclimatic zone IA of Rajasthan -

(A) 300 - 500 mm (B) 100 - 300 mm

(C) 500 - 600 mm (D) 600 - 750 mm

vi) चने में प्रोटीन की प्रतिशत मात्रा होती है – [½]

(अ) 11 प्रतिशत (ब) 13 प्रतिशत

(स) 21 प्रतिशत (द) 12 प्रतिशत

Protein percentage in Gram is -

(A) 11% (B) 13%

(C) 21% (D) 12%

vii) विटामिन बी – 1 की कमी से रोग होता है – [½]

(अ) बेरी – बेरी (ब) पैलेग्रा

(स) स्कर्वी (द) रतौंधी

Deficiency of Vitamin B - 1 cause disease is -

(A) Beri - Beri (B) Pellagra

(C) Scurvy (D) Night Blindness

viii) घेंघा रोग होता है – [½]

(अ) कैल्शियम की कमी से (ब) प्रोटीन की कमी से

(स) वसा की कमी से (द) आयोडीन की कमी से

Goiter disease is due to -

(A) Lack of Calcium (B) Lack of Protein

(C) Lack of Fat (D) Lack of Iodene

ix) बड़े आकार के फल वृक्ष लगाने हेतु गड्ढे का उपयुक्त आकार है – [½]

(अ) 100 × 100 × 100 से मी (ब) 75 × 75 × 75 से मी

(स) 50 × 50 × 50 से मी (द) 25 × 25 × 25 से मी

The suitable size of pits for planting big size fruit trees are -

(A) 100 × 100 × 100 cm (B) 75 × 75 × 75 cm

(C) 50 × 50 × 50 cm (D) 25 × 25 × 25 cm

x) ऐगेल मॉरमिलोस वानस्पतिक नाम है – [½]

(अ) संतरा (ब) बेल

(स) नीबू (द) बेर

Aegle marmelos is botanical name of -

(A) Orange (B) Bel

(C) Lime (D) Ber

xi) गाय के दूध में वसा की औसत मात्रा होती है – [½]

(अ) 7.38 प्रतिशत (ब) 7.90 प्रतिशत

(स) 4.14 प्रतिशत (द) 8.0 प्रतिशत

Average fat percentage of cow milk is -

(A) 7.38% (B) 7.90%

(C) 4.14% (D) 8.0%

xii) छापर और शेखावाटी के नाम से जानने वाली भेड़ की नस्ल है – [½]

(अ) मारवाड़ी (ब) कराकुल

(स) मेरिनो (द) चोकला

There is a breed of sheep known as CHHAPAR and SHEKHAVATI -

(A) Marwari (B) Karakul

(C) Marino (D) Chokla

xiii) **बोओफिलस माइक्रोप्लस परजीवी द्वारा फैलने वाली बीमारी है –** [½]

**(अ) सर्रा** **(ब) टिक फीवर**

**(स) थनैला** **(द) एन्थ्रेक्स**

A disease spread by Boophilus microplus parasite is -

(A) Surra (B) Tick Fever

(C) Mastitis (D) Anthrax

xiv) **भारत में प्रथम फल परिरक्षण उद्योगशाला स्थापित की गई –** [½]

**(अ) मुम्बई** **(ब) चेन्नई**

**(स) हैदराबाद** **(द) कोलकात्ता**

In India the first fruit preservation industry was established at -

(A) Mumbai (B) Chennai

(C) Hyderabad (D) Kolkatta

xv) **मद में आने के पश्चात मादा पशु को गर्भित करवाने की सर्वोत्तम समयावधि है –** [½]

**(अ)** 12 **से** 18 **घण्टे की बीच** **(ब)** 20 **से** 24 **घण्टे की बीच**

**(स)** 1 **से** 3 **घण्टे के मध्य** **(द)** 5 **से** 9 **घण्टे के मध्य**

The best time period to impregnate a female animal is after she comes in heat.

(A) Between 12 to 18 hours (B) Between 20 to 24 hours

(C) Between 1 to 3 hours (D) Between 5 to 9 hours

xvi) **गाय की भारवाही नस्ल है –** [½]

**(अ) साहीवाल** **(ब) नागौरी**

**(स) थारपारकर** **(द) गिर**

Draft breed of cow is -

(A) Sahiwal (B) Nagauri

(C) Tharparkar (D) Gir

**2)** **निम्नलिखित प्रश्नो में रिक्त स्थानों की पूर्ति कर उत्तर–पुस्तिका में लिखिए –**

Fill in the blanks of the following questions in given answer book -

i) **रिजका के बीजों का राइजोबियम ................. प्रजाति के जैव उर्वरक द्वारा बीजोपचार किया जाता है ।** **[½]**

Seed treatment of lucern seed is done by biofertilizer of Rhizobium _______ species.

ii) **हमारे देश में कुल शुद्ध कृषि क्षेत्र का लगभग ........... प्रतिशत क्षेत्र वर्षा पर आधारित है ।** **[½]**

About ________ percent of the total net agricultural area in our country is rainfed.

iii) **विटामिन बी – 1 का रासायनिक नाम ............... है ।** **[½]**

The chemical name of Vitamin B - 1 is _________.

iv) **राजस्थान में मई–जून के माह में अधिक तापमान के कारण चलने वाली गर्म हवाओं को ............ कहते है ।** **[½]**

In Rajasthan, the hot winds that blow due to high temperature in the month of May and June are called ________.

v) **बेर ............ कुल का फल वृक्ष है ।** **[½]**

Ber is the fruit tree of ________ family.

vi) **फलों की डिब्बाबन्दी में ............... सेल्सियस तापक्रम पर संसाधित किया जाता है ।** **[½]**

Fruits canning are processed at a temperature of ________ degree celsius.

vii) **गौ मूत्र का प्रयोग कृषि में ............. प्रकार के कीटनाशी के रूप में किया जाता है ।** **[½]**

Cow urine is used as an ________ pesticide in Agriculture.

viii) **राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान ............. में स्थित है ।** **[½]**

National Dairy Research Institute is located in ________.

ix) **पशुमाता (पशु प्लेग) रोग सभी ............. करने वाले पशुओं में होता है ।** **[½]**

Rinder Pest disease occurs in all _________ animals.

x) **डेयरी क्षेत्र में आत्म निर्भर होने के लिए ............ क्रान्ति का सूत्रपात किया गया ।** **[½]**

________ revolution was initiated to become self-reliant in the dairy sector.

3) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा एक पंक्ति में लिखिए –

Write answer the following question in one word or one line -

i) मृदा उत्पादकता से क्या अभिप्राय: है? [1]

What do you meant by soil productivity?

ii) हरी खाद वाली फसल का कोई एक आवश्यक गुण लिखिए। [1]

Write any one essential characteristic of Green Manure crop.

iii) शुष्क कृषि का कोई एक सिद्धान्त लिखिए। [1]

Write any one principle of Dry farming.

iv) अंगूर की फसल में सधाई (ट्रेनिंग) की कोई एक विधि का नाम लिखिए। [1]

Write any one method of training in grape crop.

v) किसी एक फल परिरक्षक पदार्थ का नाम लिखिए। [1]

Write any one fruit preservative substance.

vi) मालपुरा नस्ल की कोई एक विशेषता लिखिए। [1]

Write any one characteristic of Malpura breed.

vii) खुरपका एवं मुँहपका रोग का कोई एक लक्षण लिखिए। [1]

Write any one symptom of Foot and Mouth disease.

viii) खाज एवं खुजली रोग का एक उपचार लिखिए। [1]

Write any one treatment of Mange and Scabie disease.

## खण्ड – 'ब'

## SECTION - 'B'

लघुउत्तरात्मक प्रश्न (शब्द सीमा लगभग 50 शब्द)

Short answer type questions (Word limit approximately 50 words)

4) उत्तम बीज के कोई तीन गुण लिखिए। [3 × ½ = 1½]

Write any three characteristics of a good quality seed.

5) भारत में जैविक खेती की प्रचुर संभावनाओं को किन्ही तीन बिन्दुओं के आधार पर समझाइये। [3 × ½ = 1½]

Explain any three points about the immense potential of organic farming in India.

6) सिंचाई के कोई तीन उद्देश्य लिखिए। [3 × ½ = 1½]

Write any three objectives of irrigation.

7) जीभी ग्राफ्टिंग का नामांकित चित्र बनाकर समझाइये। [½ + 1 = 1½]

Draw a labeled diagram of tongue grafting and explain it.

8) फलोद्यान लगाने की आयताकार विधि का नामांकित चित्र बनाकर वर्णन कीजिए। [½ + 1 = 1½]

Describe the rectangular method of planting an orchard by draw a labeled diagram.

9) फलोद्यान में गर्म हवाओं से बचाव के कोई तीन उपाय लिखिए। [3 × ½ = 1½]

Write any three measures to protect an orchard against hot winds.

10) पशु आहार प्रबन्धन में ध्यान रखने योग्य कोई तीन बिन्दु लिखिए। [3 × ½ = 1½]

Write any three points to be kept in mind for animal feed management.

11) सिरोही नस्ल का उत्पति स्थान, वितरण एवं उपयोगिता लिखिए। [3 × ½ = 1½]

Write the place of origin, distribution and utility of Sirohi breed.

12) धान की नर्सरी तैयार करने की कोई तीन विधियों के नाम लिखिए। [3 × ½ = 1½]

Write the names of any three methods of prepairing paddy nursery.

13) जहरबाद रोग से बचाव के तीन उपाय लिखिए। [3 × ½ = 1½]

Write three measures to prevent Black Quarter disease.

14) फड़किया रोग के कोई तीन उपचार लिखिए। [3 × ½ = 1½]

Write any three treatments of Enterotoxemia disease.

15) ऑपरेशन फ्लड के द्वितीय चरण का संक्षेप में वर्णन कीजिए। [1½]

Briefly describe the second phase of operation flood.

## खण्ड – 'स'

## SECTION - 'C'

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (शब्द सीमा लगभग 100 शब्द)

Long answer type questions (Word limit approximately 100 words).

16) खरपतवारों के भौतिक एवं यान्त्रिक नियन्त्रण की तीन विधियों का वर्णन कीजिए। [3 × 1 = 3]

Describe three methods of physical and mechanical control of weeds.

अथवा/OR

रासायनिक खरपतवार नियन्त्रण के अन्तर्गत शाकनाशियों को उनके गुण एवं विशेषताओं के आधार पर वर्गीकृत कीजिए।

Describe the classification of herbicides in chemical weed control, based on their properties and characteristics.

17) अमरूद की जेली बनाने की विधि का वर्णन कीजिए। [3]

Describe the method of preparing Guava Jelly.

अथवा/OR

आंवले का मुरब्बा बनाने की विधि का वर्णन कीजिए।

Describe the method of preparing Aonla Murbba.

18) मेवाड़ी नस्ल का उत्पत्ति स्थान व वितरण, विशेषताऐं तथा उपयोगिता लिखिए। [3 × 1 = 3]

Write the place of origins & distribution, characteristics and utility of Mewari breed.

अथवा/OR

मारवाड़ी नस्ल का उत्पत्ति स्थान व वितरण, विशेषताऐं एवं उपयोगिता लिखिए।

Write the place of origin & distribution, characteristics and utility of Marwari breed.

## खण्ड – 'द'

## SECTION - 'D'

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (शब्द सीमा लगभग 200 शब्द)**

Long answer type questions (Word limit approximately 200 words).

**19)** **मक्का की वैज्ञानिक खेती का वर्णन निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर कीजिए – [1 + 1 + 1 + 1 = 4]**

i) **मृदा एवं खेत की तैयारी**

ii) **बीज दर एवं बीजोपचार**

iii) **चार उन्नतशील किस्में**

iv) **पादप संरक्षण**

Describe the scientific cultivation of maize crop on the basis of following points -

i) Soil and its preparation

ii) Seed rate and seed treatment

iii) Four improved varieties

iv) Plant protection

अथवा/OR

**चने की वैज्ञानिक खेती का वर्णन निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर कीजिए –**

i) **मृदा एवं खेत की तैयारी**

ii) **बीजदर एवं बीजोपचार**

iii) **चार उन्नतशील किस्में**

iv) **पादप संरक्षण**

Describe the scientific cultivation of gram crop on the basis of following points -

i) Soil and its preparation

ii) Seed rate and seed treatment

iii) Four improved varieties

iv) Plant protection

**20)** **आंवले की वैज्ञानिक खेती का वर्णन निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर कीजिए –** **[1 + 1 + 1 + 1 = 4]**

i) **भूमि एवं जलवायु**

ii) **चार उन्नतशील किस्में**

iii) **पौधे लगाने की विधि**

iv) **कीट एवं व्याधियाँ**

Describe the scientific cultivation of Aonla on the basis of following points -

i) Soil and climate

ii) Four improved varieties

iii) Planting method

iv) Pest and disease

अथवा/OR

**बेर की वैज्ञानिक खेती का वर्णन निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर कीजिए –**

i) **भूमि एवं जलवायु**

ii) **चार उन्नतशील किस्में**

iii) **पौधे लगाने की विधि**

iv) **कीट एवं व्याधियाँ**

Describe the scientific cultivation of Ber on the basis of following points -

i) Soil and climate

ii) Four improved varieties

iii) Planting method

iv) Pest and disease

▽ ▽ ▽ ▽

DO NOT WRITE ANYTHING HERE